राजस्थान सरकार
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग
अम्बेडकर भवन जी. 3/1, राजमहल रेजीडेन्सी क्षेत्र, जयपुर

क्रमांक एफ 7(2)(1234)/रा.छा./सा.न्या.एवं.अ.वि./26/ दिनांक – यथा ई–हस्ताक्षरित

–प्रेस विज्ञप्ति–

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित राजकीय एवं अनुदानित छात्रावासों (विद्यालय स्तरीय) में वर्ष 2026–27 के लिये दिनांक 27 मार्च 2026 से ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ की जा रही है। छात्रावासों में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन विभागीय वेबसाईट sso.rajasthan.gov.in पर नवीन प्रवेश पोर्टल SJMS के माध्यम से आमंत्रित किये जा रहे हैं। विभागीय छात्रावासों में नवीन प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की प्रथम मैरिट सूची – दिनांक 10 अप्रैल 2026, द्वितीय सूची – दिनांक 23 अप्रैल 2026, तृतीय सूची – दिनांक 04 मई, 2026, चतुर्थ सूची – दिनांक 11 मई 2026 को वरीयता अनुसार जारी की जाएगी। अंतिम वरीयता सूची जारी करने बाद भी यदि स्थान रिक्त रहते हैं तो पहले आओ पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा। प्रवेश हेतु आवेदन करने का अन्तिम तिथि 31 मई 2026 नियत की जाती है। पूर्व से छात्रावास में प्रवेशित छात्रों को उनकी गत वर्ष की अंकतालिका तथा प्रार्थना पत्र संबंधित छात्रावास अधीक्षक को प्रस्तुत करने पर छात्रावास अधीक्षक द्वारा पोर्टल पर आनॅलाइन कर नियमानुसार प्रवेश दिया जाएगा। छात्रावास प्रवेश प्रक्रिया एवं अन्य सामान्य दिशा–निर्देश का विस्तृत विवरण विभाग की वेबसाईट http://sje.rajasthan. gov.in पर उपलब्ध है।

(आशीष मोदी)
निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव

Signature Not Verified
Digitally Signed by Ashish Modi
Designation : Director
Date :26-03-2026 12:10:15

RajKaj Ref No.: 21207793
eSign DSC